ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच मां दुर्गा को नम आंखों से दी विदाई

नौ दिनों तक जिलेभर में रही भक्ति और उत्साह की धूम, गरबा, भंडारे और माता के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना, पूजा-पाठ, गरबा और विभिन्न धार्मिक आयोजनों से भक्तिमय रहा छिंदवाड़ा जिले का माहौल बुधवार को माता रानी की विदाई के साथ भावुक हो गया। शहर सहित जिलेभर में सार्वजनिक रूप से स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ विसर्जन किया गया।

ढोल-नगाड़ों की गूंज, माता के जयकारों और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। इसी के साथ शारदीय नवरात्रि का नौ दिवसीय महोत्सव संपन्न हो गया। नवरात्रि के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों और मोहल्लों में आकर्षक पंडाल सजाकर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। इन पंडालों में प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पूरे नौ दिनों तक श्रद्धालु परिवार सहित माता के दर्शन करने पहुंचे। जगह-जगह आयोजित गरबा कार्यक्रमों में भी लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भक्ति और उत्साह के वातावरण में पूरा शहर माता की आराधना में लीन नजर आया।



ढोल-नगाड़ों के साथ निकलीं विदाई यात्राएं

बुधवार को दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के अवसर पर विभिन्न पंडालों से श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ निकले। विसर्जन यात्राओं में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। युवा, महिलाएं और बच्चे माता के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। कई स्थानों पर श्रद्धालु भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए माता को विदाई देते नजर आए।माता की विदाई के समय श्रद्धालुओं के चेहरे पर जहां नौ दिनों तक चले उत्सव की खुशी थी, वहीं अगले वर्ष फिर से माता के आगमन की प्रतीक्षा का भाव भी दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और जिले की खुशहाली की कामना की। माता के जयकारों के बीच वातावरण भक्तिमय बना रहा।

मंदिरों में हुए विशेष धार्मिक आयोजन

नवरात्रि के दौरान छिंदवाड़ा के प्रमुख देवी मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। सृष्टि माता मंदिर, बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर, संतोषी माता मंदिर और शारदा मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई मंदिरों में बड़ी संख्या में कलश स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की गई।नौ दिनों तक मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। भक्तों ने माता के चरणों में नारियल, चुनरी और प्रसाद अर्पित कर परिवार की मंगलकामना की। विभिन्न स्थानों पर भजन-कीर्तन सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से शक्ति की उपासना की गई।

भंडारों और प्रसाद वितरण में दिखी सेवा भावना

नवरात्रि के दौरान जिलेभर में जगह-जगह भंडारों और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। धार्मिक समितियों, आयोजकों और श्रद्धालुओं ने मिलकर सेवा कार्यों में सहभागिता निभाई। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं को भोजन और प्रसाद वितरित किया गया। गरबा आयोजनों और दुर्गा पंडालों में भी पूरे नौ दिनों तक रौनक बनी रही।छिंदवाड़ा में नवरात्रि का पर्व प्रतिवर्ष श्रद्धा, उत्साह और आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी जिलेभर में माता की आराधना के दौरान धार्मिक आस्था और सामाजिक सहभागिता का विशेष माहौल देखने को मिला। विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और मिल-जुलकर पर्व मनाया।माता की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ नवरात्रि महोत्सव का समापन हो गया, लेकिन श्रद्धालुओं के मन में मां दुर्गा के प्रति आस्था और अगले वर्ष उनके आगमन की प्रतीक्षा बनी हुई है। जयकारों के बीच भक्तों ने मां से प्रार्थना की कि अगले वर्ष फिर सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद लेकर आएं।

सिंगोड़ी पेंच नदी में हुआ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

हजारों श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, 177 मनोकामना सिद्ध कलश और 21 मनोकामना कलशों के जवारों का भी हुआ विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र के समापन के बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। सिंगोड़ी स्थित पेंच नदी में मां जगदम्बे की प्रतिमा सहित दर्जनों दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्तों ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई देते हुए अगले वर्ष फिर आने की कामना की।मां राजराजेश्वरी अष्टभुज दुर्गा मंदिर में स्थापित 177 मनोकामना सिद्ध कलशों का विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। वहीं, सिंगोड़ी के मरही माता मंदिर में स्थापित 21 मनोकामना कलशों के साथ जवारों का भी विसर्जन किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद श्रद्धालुओं ने माता रानी को विदाई दी और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं क्षेत्र की उन्नति की कामना की।

जगह-जगह भंडारे का आयोजन

मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के अवसर पर श्रद्धालुओं और समितियों द्वारा जगह-जगह सेवा एवं भंडारे का आयोजन किया गया। लोगों को पानी, हलवा, खीर, चना सहित अन्य प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक उत्साह और भक्तिमय माहौल देखने को मिला।



जयकारों के साथ दी मां को विदाई

प्रतिमा विसर्जन के दौरान मां दुर्गा के जयकारों से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु पारंपरिक उत्साह के साथ प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक लेकर पहुंचे। विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद प्रतिमाओं का पेंच नदी में विसर्जन किया गया। मां दुर्गा की विदाई के समय श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष पुनः आगमन की प्रार्थना की। इस प्रकार सिंगोड़ी में मां दुर्गा की प्रतिमाओं एवं मनोकामना कलशों का विसर्जन धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को भक्तिमय बना दिया।

बेकाबू हुआ ट्रक घर में घुसा, चपेट में आए दो बच्चों में से एक की मौत

जुन्नारदेव मार्ग पर सुकर्री वार्ड नंबर 18 में दर्दनाक हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जुन्नारदेव मार्ग पर सुकर्री के वार्ड नंबर 18 में बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे स्थित एक मकान में जा घुसा। हादसे के समय घर में मौजूद दो मासूम बच्चे ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सात वर्षीय केतन यादववंशी की मौत हो गई। दूसरे बच्चे का उपचार जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है, वहीं भारी वाहनों की रफ्तार और सड़क सुरक्षा को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

घर में घुसते ही मची चीख-पुकार

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में शामिल ट्रक का पंजीयन क्रमांक एमपी 09 एचएच 5592 बताया गया है। बुधवार सुबह ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने मकान में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि घर के अंदर मौजूद दोनों बच्चे उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल मदद के लिए प्रयास शुरू किए और घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया।ग ंभीर रूप से घायल बच्चों को शासकीय अस्पताल जुन्नारदेव ले जाया गया। वहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर किया गया। उपचार के दौरान सात वर्षीय केतन यादववंशी, पिता कमलेश यादववंशी की मौत हो गई। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

घटना के बाद पुलिस ने ट्रक चालक सुमित यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125(ए) और 324(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी जे. मरसकोले ने बताया कि पुलिस हादसे के प्रत्येक पहलू की जांच कर रही है। दुर्घटना के कारणों, चालक की भूमिका और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की पड़ताल की जा रही है।

भारी वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण की मांग

इस हादसे ने एक बार फिर रिहायशी इलाकों से गुजरने वाले भारी वाहनों की गति और यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों के कारण सड़क किनारे रहने वाले परिवारों की सुरक्षा खतरे में रहती है।लोगों की मांग है कि रिहायशी क्षेत्रों में भारी वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं।

सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय दीपेश वर्मा की मौत दो अन्य युवा गंभीर घायल

न्यूटन / परासिया :- दशहरा का दिन न्यूटन नंबर 13 के एक वर्मा परिवार के लिए बेहद दुखद बनकर आया । इस परिवार के 22 वर्षीय युवक दीपेश वर्मा की मौत हो गई । वहीं मृतक के दो अन्य युवा साथी गंभीर रूप से घायल है । जिनका इलाज जारी है ।मिली जानकारी के अनुसार न्यूटन नंबर 13 निवासी , जी एम ऑफिस परासिया में कार्यरत अनीश वर्मा का 22 वर्षीय बेटा परासिया निवासी अपने दो दोस्तों के साथ सोमवार रात करीब 9:30 बजे बाइक से छिंदवाड़ा से वापस आ रहा था । सतनूर टोल के आगे कुलबहरा नदी के मोड़ पर सड़क किनारे लगे शाइन बोर्ड से बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई । वहां से गुजरने वालों में से किसी ने 112 डायल कर पुलिस बुलाया । इसी वाहन से तीनों घायलों को छिंदवाड़ा आरोग्य अस्पताल ले जाया गया । यहां तीनों घायलों की प्राथमिक जांच के बाद दीपेश की पल्स नहीं मिलने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया । अन्य दो घायलों को वहीं भर्ती कर लिया गया । जिला अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टर ने दीपेश को मृत घोषित कर दिया । बताया जा रहा है , कि घटना स्थल पर सड़क किनारे लगे शाइन बोर्ड पर कोई रेडियम या चमकदार वस्तु नहीं लगी थी , जिस से बोर्ड दूर से दिखाई दे सके । वहीं एक बड़े वाहन की तेज लाइट बाइक चालक की आँख में पड़ी और बाइक अनियंत्रित हो गई । मृतक दीपेश अनीश वर्मा दो बेटों और एक बेटी में सबसे छोटा था । जिसे हाल ही में पूना में जॉब भी मिला था । इस घटना से वर्मा परिवार में मातम पसरा है । वहीं खबर सुनकर क्षेत्र के लोग स्तब्ध हैं । मंगलवार को मृतक दीपेश का अंतिम संस्कार पेंच नदी में स्तिथ मोक्षधाम में किया गया ।



पहलवानों के दांव देख झूम उठी जनता

सिंगोड़ी :-ग्राम सिंगोड़ी में समाजसेवी स्वर्गीय भास्कर राव सोनी जी की स्मृति में सोनी परिवार द्वारा आयोजित विशाल दंगल में जनसैलाब उमड़ पड़ा। अखाड़े में पहलवानों की जोर-आजमाइश देखने जिले भर से जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक पहुंचे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिले के सांसद विवेक बंटी साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, नगर निगम महापौर विक्रम सिंह आहके, वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र मिगलानी पूर्व जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, बजरंग दल जिला संयोजक नरेंद्र पटेल, भाजपा सिंगोड़ी मंडल के यशस्वी मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार, योगेश यादव सहित सैकड़ों नागरिक मौजूद रहे।दंगल में पहलवानों ने एक से बढ़कर एक दांव-पेंच दिखाए, जिसे देख दर्शकों ने तालियों से हौसला बढ़ाया। ग्रामीण परंपरा और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए ऐसे आयोजन की सभी ने सराहना की।अंत में सोनी परिवार ने सभी अतिथियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए हर वर्ष इसी तरह दंगल का आयोजन जारी रखने की घोषणा की।



धूं धूं होकर जला रावण, भव्य हुई आतिशबाजी

अग्नि बाण के संधान से जल गया बुराई का प्रतीक रावण, आया रामराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

देश की सर्वश्रेष्ठ रामलीला में स्थान रखने की वाली छिंदवाड़ा की महारामलीला का समापन दशहरे के भव्य कार्यक्रम के साथ हुआ। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

श्रीराम लीला मंडल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने बताया कि कार्यक्रम की शुभारंभ मंगलाचरण एवं श्रीराम आरती के साथ हुआ जिसे मंडल के संरक्षक कस्तूरचंद जैन, राजू चरणागर, सतीश दुबे लाला, अशोक चौरसिया, विजय आनंद दुबे, वीरेंद्र शुक्ल, संतोष जैन सरल एवं राजू माहोरे के मार्गदर्शन में समन्वित किया गया।

उपाध्यक्ष रोहित द्विवेदी और मयंक चौरसिया ने बताया कि इस दौरान कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राष्ट्रीय आध्यात्मिक संत श्री विवेक जी महाराज, कार्यक्रम की अध्यक्षता छिंदवाड़ा पांढुर्ना क्षेत्र के सांसद विवेक बंटी साहू ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर विक्रम अहके, नगर निगम अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनू मागो, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित सक्सेना, विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, पूर्व कैबिनेट मंत्री दीपक सक्सेना, गंगा प्रसाद तिवारी, वरिष्ठ नेता विजय पांडे, धर्मेंद्र मिगलानी, पूनमचंद साहू, डॉ मनन गोगिया सहित समस्त गणमान्य आमंत्रित अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसमें प्रमुख रूप में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन के अधिकारियों का सम्मान किया गया।

कोषाध्यक्ष सुभाष साहू ने कहा कि कार्यक्रम विधिवत समयानुसार संचालित हुआ। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंडल के तरुण जैन द्वारा किया गया। इसके बाद सांकेतिक लीला का मंचन किया गया जिसमें कुंभकर्ण वध, मेघनाद वध और रावण वध की प्रतीकात्मक लीला खेली गई।

मण्डल के मुख्य निर्देशक श्रांत चंदेल ने बताया कि रामलीला के प्रतीकात्मक लीला का प्रारंभ दशहरा मैदान में 5:45 पर हुआ। जिसमें सर्वप्रथम श्रीराम द्वारा कुंभकर्ण वध हुआ, कुंभकर्ण का बेहतरीन अभिनय अभिषेक मुदलियार ने किया और रजत पांडे ने श्रीराम का मर्यादित किरदार निभाया फिर लक्ष्मण द्वारा मेघनाथ का वध को दर्शाया गया जिसमें लक्ष्मण के रूप में आयुष शुक्ला और मेघनाद के रूप में उत्तम सोनी नजर आए। हनुमान द्वारा मुष्टिका प्रहार पाकर रावण सकते में आ गया हनुमान का सशक्त अभिनय संतोष कुशवाह ने किया और रावण का जानदार किरदार निभाकर वरिष्ठ कलाकार जितेंद्र सोनी ने सभी की सराहना प्राप्त की।

अंततः रावण वध किया गया जिसका कारक बने विभीषण के तौर पर मंडल के वरिष्ठ कलाकार नीरज चौरसिया दिखे। इस मुख्य आयोजन में संरक्षको एवं अतिथियों के अतिरिक्त मण्डल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत सचिव राजेंद्र आचार्य, उपाध्यक्ष रोहित द्विवेदी, ट्विंकल चरणागर आदि मौजूद रहे।



बड़कुही में 82 वर्षों से निभाई जा रही बंगाली दुर्गा पूजा की परंपरा

बड़कुही। नवरात्रि के पावन पर्व पर बड़कुही में बंगाली परंपरा के अनुसार आयोजित होने वाली दुर्गा पूजा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का प्रतीक बनी हुई है। यहां पिछले 82 वर्षों से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की परंपरा निरंतर निभाई जा रही है। हर वर्ष शारदीय नवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले इस विशेष धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। पूरा वातावरण मां दुर्गा की भक्ति और जयकारों से भक्तिमय हो उठता है। बंगाली समाज के लोगों के लिए यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का भी महत्वपूर्ण अवसर है।दशमी के दिन आयोजन का विशेष आकर्षण देखने को मिला। बंगाली महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और देवी वरण की रस्म निभाई। इसके बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर सिंदूर की होली खेली तथा मां दुर्गा से परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह और उल्लास दिखाई दिया।82 वर्षों से चली आ रही यह परंपरा बड़कुही की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है। पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही बंगाली दुर्गा पूजा आज भी समाज को आस्था, एकता और परंपरा के सूत्र में बांधे हुए है। मां दुर्गा की आराधना और दशमी के पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ आयोजन में श्रद्धा और भावनाओं का अनूठा संगम देखने को मिला।



कार्यक्रम भाजपा के दबाव में प्रशासन ने बंद कराया कार्यक्रम- सोहन बाल्मीक

राजनीति की भेंट चढ़ा रावण दहन कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

बीते लगभग 16 वर्षों से पंकज स्टेडियम चांदामेटा में होने वाला विशाल रावण दहन कार्यक्रम , इस बार राजनीति की भेंट चढ़ गया । कार्यक्रम अचानक बीच में बंद किए जाने के चलते हजारों की संख्या में दर्शक मायूस होकर लौटे । विधायक सोहन वाल्मीकि ने भाजपा के दबाव में प्रशासन पर कार्यक्रम बंद कराने का आरोप लगाया है ।

गौरतलब है , कि हर साल की तरह इस साल भी पंकज स्टेडियम चांदामेटा में दशहरा के अवसर पर विशाल रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को आयोजित हुआ । जिसमें उज्जैन की महादेव नाट्य लीला और इंडियन आईडीयल की अरुनिता कांजिलाल ने प्रस्तुति दी । इस कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पंकज स्टेडियम पहुंचे । कार्यक्रम का रंग जमता इस से पहले ही निर्धारित समय का हवाला देकर कार्यक्रम समापन की घोषणा करा दी गई । उसके बाद रावण दहन हुआ । बता दें कि यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन के सांस्कृतिक विभाग के द्वारा आयोजित कराया गया था , लेकिन कार्यक्रम का संचालन और व्यवस्था का काम विधायक सोहन वाल्मीकि और उनकी टीम द्वारा किया गया ।

तहसीलदार ने बुलाया तो कार्यक्रम में गए भाजपा के लोग

रावण दहन कार्यक्रम को लेकर ही भाजपा शहरी मण्डल अध्यक्ष बल्लू नागी , भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया ने भाजपा कार्यालय परासिया में प्रेस वार्ता में बताया कि , वर्ष 2019 से यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन के सांस्कृतिक विभाग द्वारा कराया जा रहा है , लेकिन इस कार्यक्रम को विधायक सोहन वाल्मीकि द्वारा हाईजेक कर अपना बता कर लोगों से सच्चाई छुपाई जाती रही है । बल्लू नागी ने बताया , कि कार्यक्रम में तहसीलदार के द्वारा भाजपा के लोगों को बुलाए जाने पर वे गए । भाजपा के लोगों को देखकर विधायक आग बबुला हो गए । कार्यकर्ताओं के साथ गाली गलौच की गई । एस सी महिला मोर्चा की अध्यक्ष ज्योति डेहरिया ने कहा , कि कार्यक्रम के दौरान महिला कार्यकर्ताओं के साथ बद तमीजी की गई । महामंत्री राजकुमार सिंह ने कहा , कि कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन की ओर से कराया जाता है , लेकिन वहां न तो मुख्य मंत्री न ही संस्कृति मंत्री की फोटो लगाई जाती है और न ही पोस्टर लगाए जाते हैं । हर साल इस कार्यक्रम को विधायक द्वारा चुरा लिया जाता है । प्रेस वार्ता में भाजपा नेता सज्जू तिवारी , सुखनंदन जावरे , हरिश्चन्द्र अग्रवाल , रूपेंद्र डेहरिया , प्रदीप विश्वकर्मा सहित अन्य लोग भी मौजूद थे ।

विधायक ने एसडीएम पर लगाए आरोप

रावण दहन कार्यक्रम में उत्पन्न हुए व्यवधान को लेकर बुधवार को विधायक सोहन वाल्मीकि ने इंटक कार्यालय चांदामेटा में प्रेसवार्ता बुलाई । कांग्रेस नेता हरि वर्मा , ब्लाक अध्यक्ष कमल राय , नगर पंचायत चांदामेटा के अध्यक्ष गोविंद बिजोलिया , उपाध्यक्ष अमजद खान , बड़कुही नपं अध्यक्ष भरत डेहरिया और अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में हुई इस प्रेसवार्ता में विधायक ने एस डी एम शुभम यादव पर भाजपा के दबाव में कार्यक्रम को बंद करवाने का आरोप लगाया । उन्होंने कहा , कि यह कार्यक्रम लोगों के लिए किया जाता है । जिसमें लोग अपने परिवार सहित शामिल होते हैं । इस कार्यक्रम को भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा खराब करने के किए पूरी कोशिश की गई । जिसमें एस डी एम और प्रशासन ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पूरा साथ दिया । महादेव नाट्य लीला जो डेढ़ घंटे चलनी थी , उसे बीच में ही बंद कराया गया । इसी तरह अरुनिता कांजीलाल का कार्यक्रम भी पूरा नहीं होने दिया गया । भाजपा के लोगों की और प्रशासन की इस हरकत से हजारों लोगों की भावनाओं को आघात पंहुचा है । उन्होंने मुख्य मंत्री से कार्रवाई की मांग की है । साथ ही एस डी एम के खिलाफ आंदोलन करने की बात भी कही ।

जांबाज पुलिस जवानों की याद में मनाया 'शहीद दिवस'



पांदुर्णा। कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले देश के वीर पुलिस जवानों की स्मृति में आज स्थानीय जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस शहीद दिवस अत्यंत गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला पुलिस अधीक्षक विदिता डागर ने किया। समारोह के दौरान एसपी विदिता डागर ने देश सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले 154 जांबाज पुलिस कर्मियों के नामों का वाचन कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर एसपी महोदया ने कहा, "आज का दिन अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिस जवानों के अदम्य साहस, निष्ठा और बलिदान को याद करने का दिन है। पांदुर्णा जिला पुलिस परिवार इन साहसी शहीदों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है।" इस गरिमामय श्रद्धांजलि समारोह में जन प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे, जामसांवली मंदिर समिति अध्यक्ष श्री शर्मा, एडिशनल एसपी मनकामना प्रसाद, एसडीओपी ब्रजेश भार्गव सहित जिला पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

दशहरा पर भगवामय हुआ उमरेठ

प्रयागराज के हनुमान जी को देखने उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरेठ

प्रतिवर्ष उमरेठ में दशहरा पर्व का पूरे वर्ष इंतज़ार रहता है ख़ास तौर पर युवा वर्ग नई नई साज सज्जा आकर्षक झाँकी यू कहो तो युवाओ ने प्रतिवर्ष दशहरा को एक नया स्वरूप दिया है उमरेठ में जगह स्थित माँ भगवती की प्रतिमा, नगर शक्ति पीठ श्री माता मंदिर, मनोहर दास बाबा श्री दुर्गा उत्सव समिति में हुए देवी जागरण एवं प्रतिवर्ष नगर के कुशवाहा मोहल्ला स्थित झाँकी ने सभी का मन मोह लिया।

कुशवाहा मोहल्ला में बनी प्रयागराज के लेते हुए हनुमान जी स्थानीय कुशवाहा मोहल्ला में प्रतिवर्ष आकर्षक झाँकी प्रतिवर्ष एक



नया ही स्वरूप लेते जा रही है युवा वर्ग एवं वरिष्ठ जनो का मार्गदर्शन से इस वर्ष भी कुशवाहा मोहल्ले में श्री दुर्गा उत्सव समिति द्वारा प्रयागराज में स्थित लेटे वाले हनुमान जी की ज्यो की त्यो आकर्षक प्रतिमा झाँकी बनाई गई संकट मोचन श्री हनुमान जी की विधिवत पूजन श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं भव्य श्री हनुमान आरती की गई जिसमे बड़ी संख्या में लोगो की उपस्थिति उनकी श्रद्धा प्रदर्शित करती है। वही कैलाश पर्वत स्थित बेठे भगवान महाशिव पार्वती परिवार की आकर्षक झाँकी मैहर वाली माँ आदिशक्ति शारदा की प्रतिमा झाँकी ने श्रध्दालुओं का मन मोह लिया सुबह 4 बजे तक पूरे मोहल्ले में जमकर भीड़ रही। आसपास के गाव से पहुचते है हज़ारो श्रद्धालु उमरेठ तहसील क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गाव से हज़ारो की संख्या में श्रद्धालु दशहरा में उमरेठ पहुचते है। जगह जगह भंडारा आकर्षक झाँकी एवं जागरात्रा को देखने सिर्फ़ उमरेठ के ही नहीं आसपास के हज़ारो लोग आते है जो सुबह तक दर्शन एवं कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते है। भीड़ से चलना हुआ मुश्किल लोगो की श्रद्धा एवं उनकी आत्मिक भावनाये माँ भगवती से इतनी जुड़ी है की प्रतिवर्ष उमरेठ में स्थित मुख्य मार्ग पर इतनी संख्या में लोग आते है कि चलना भी मुश्किल हो जाता है। दोपहर को निकली प्रतिमाए विसर्जन की बेला में प्रत्येक श्री दुर्गा पंडालों में स्थित प्रतिमाए क्रमश निकली युवा वर्गों ने गाजे बाजे से माँ की प्रतिमा का विसर्जन किया नम आँखो से माँ की प्रतिमा का विसर्जन लोगो की आत्मा झकझोर गया।

विधायक नीलेश उइके ने रामलीला में निभाया रावण का किरदार, परंपरा और संस्कृति से जुड़ाव की अनूठी मिसाल

पांदुर्णा। लोकप्रियता और जनसेवा की जब बात आती है, तो पांदुर्णा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीलेश उइके ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे अपनी जड़ों और संस्कृति से गहराई से जुड़े हुए हैं। हाल ही में उन्होंने अपने गृह ग्राम राजोलारैयत में आयोजित रामलीला में रावण की भूमिका निभाकर सभी को अचंभित और आनंदित कर दिया।ग्राम राजोलारैयत में वर्ष 1972 से चली आ रही इस ऐतिहासिक रामलीला का मंचन क्षेत्र की एक अनूठी और समृद्ध आदिवासी परंपरा का हिस्सा है। एक जनप्रतिनिधि होने के बावजूद विधायक नीलेश उइके का स्थानीय ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर रंगमंच पर उतरना और पिछले कई वर्षों से लगातार इस परंपरा का निर्वहन करना वाकई सराहनीय है।राजनीतिक व्यस्तताओं के बीच अपनी माटी की खुशबू और लोकसंस्कृति को सहेजे रखने की उनकी यह पहल न केवल क्षेत्रीय कलाप्रेमियों के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि यह दिखाती है कि एक जमीन से जुड़े नेता अपनी संस्कृति को जीवित रखने में कितनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर पांदुर्णा की पारंपरिक लोककला और सांस्कृतिक विरासत को बड़े पटल पर रोशन कर दिया है।



कुड़म-रामपेठ सड़क पर ओवरलोड वाहनों का खौफ, कार्यवाही शून्य

पलटा कोयले से भरा ट्रक, बाल-बाल बचे राहगीर

सौंसर। कुड्डम से रामपेठ सड़क पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहन ग्रामीणों के लिए साक्षात काल साबित हो रहे हैं। बुधवार को एक और बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब तेज रफ्तार ओवरलोड कोयले का डंपर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि दुर्घटना के समय सामने से कोई अन्य वाहन आ रहा होता तो बड़ा नरसंहार हो सकता था। इस हादसे के बाद घंटों रामपेठ, नादेपुर, कोपरावाडी, सिलोरा, जोबनी और पलासपानी की ओर आवागमन करने ग्रामीणों स्कूली छात्र-छात्राओं व राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनी यह सड़क इस मार्ग पर संचालित मैगनीज खदान और एथेनॉल कंपनी के लिए वरदान और ग्रामीणों के लिए अभिशाप बन गई है। मक्का, खनिज और कोयले से लदे ओवरलोड डंपरों की धड़ल्ले से आवाजाही के कारण पूरी सड़क उखड़कर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। ग्रामीणों द्वारा परिवहन पुलिस, राजस्व,विभाग और स्थानीय प्रशासन से बार-बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई न होना विभागीय मिलीभगत की ओर इशारा करता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ओवरलोड परिवहन पर शिकंजा नहीं कसा गया और भारी वाहनों की एंट्री पर रोक नहीं लगी, तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

इनका कहना है

प्रतिदिन इन कंपनियों में सैकड़ों ओवरलोड ट्रक आ रहे हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। प्रशासन को तुरंत संज्ञान लेकर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगानी चाहिए।

गोमाजी उइके, सरपंच (ग्राम पंचायत रामपेठ)

डीजे को छोड़ नगर वासियों ने भजनों को सराहा, निकली माताराानी की शोभायात्रा



भावुक कर देने वाले पल

शोभायात्रा के दौरान जब मां के विदाई गीत गूंजे, तो कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। यह अनूठी पहल इस बात का प्रमाण बन गई कि बिना डीजे के शोर के भी पूरी श्रद्धा, अनुशासन और भव्यता के साथ उत्सव मनाया जा सकता है। विसर्जन के इन पलों ने हर किसी को अपनी संस्कृति और जड़ों से जोड़ने का काम किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

नगर और ग्रामीण अंचल में बुधवार को जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमाओं का धूमधाम, भक्ति और नम आंखों के साथ विसर्जन किया गया। वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक विराजी मां की प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई, जिस पर नगरवासियों ने जगह-जगह फूलों की वर्षा कर माता को विदाई दी।

माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन रामाकोना की कान्हा नदी, नागपुर मार्ग स्थित जाम नदी और मोहगांव की सर्पनी नदी में विधि-विधान और आरती के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष विसर्जन जुलूस में एक बेहद सुखद और सकारात्मक बदलाव देखने को मिला। जहां एक ओर कुछ स्थानों पर कानफाड़ और तेज आवाज वाले डीजे का शोर गूंजा, वहीं सार्वजनिक दुर्गा उत्सव मंडल, खैरी मोहल्ला सौसर की शोभायात्रा ने पूरे नगर का दिल जीत लिया।

पिछले 90 वर्षों से यहाँ मां दुर्गा की स्थापना होती आ रही है। इस बार समिति ने तड़क-भड़क और डीजे से दूर रहकर बेरडी की प्रसिद्ध भजन मंडली को आमंत्रित किया। कलाकारों ने माता रानी को विदाई देते हुए 'बेटी और बहन' के रिश्तों पर आधारित अत्यंत मार्मिक और भावुक गीत व भजन प्रस्तुत किए।

पारंपरिक संगीत वाद्ययंत्रों की थाप पर गूंजते इन भजनों ने विसर्जन के माहौल को पूरी तरह आध्यात्मिक और संवेदनशील बना दिया। शोभायात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से भी जगह-जगह पर कर्मचारियों की तैनाती एवं यातायात की व्यवस्था बनाई गई।माता रानी के प्रतिमाओं का विसर्जन रामाकोना की कहाँन नदी नागपुर मार्ग जाम नदी एवं मोहगांव हवेली की सरपनी नदी पर किया गया।

दुर्गेश बने भाजपा के जिला सोशल मीडिया संयोजक



पांदुर्णा। यहां के भाजपा नेता दुर्गेश उईके को जिला भाजपा सोशल मीडिया संयोजक मनोनीत किया गया है। दुर्गेश उईके के परिचितों में इस बात से हर्ष की लहर व्याप्त है। इस पद के बिना भी दुर्गेश उईके लंबे अंतराल से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत रूप से सक्रिय है। संभवतः इनकी इस सक्रियता को देखते हुए ही जिला भाजपा के संयोजक पद की जिम्मेदारी इन्हें प्रदान की गई है। नवनियुक्त संयोजक दुर्गेश उईके ने इस मौके पर कहा कि, पार्टी ने उनके कंधों पर जो जिम्मेदारी रखी है वे अपनी ओर से भरसक प्रयास करेंगे कि, इस कसौटी पर खरे उतरे।

सफेद सोने की आवक शुरू 9,101 रुपये भाव खुला



सौंसर। संतरावल का सफेद सोना' कही जाने वाली किसानों की प्रमुख फसल कपास की नई आवक का दौर जिनिंग इकाइयों में आरंभ हो गया है। बुधवार को स्थानीय बेरड़ी स्थित कैलाश इंडस्ट्रीज में सीजन की पहली कपास खरीदी का मुहूर्त हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस सत्र की पहली बोली 9,101 रुपये प्रति क्विंटल पर खुली, जिसे लेकर किसानों ने शुरुआती संतोष व्यक्त किया है।मुहूर्त के इस अवसर पर इंडस्ट्री के संचालक राधेश्याम सुदा और कैलाश सुदा ने अपनी उपज लेकर पहुंचे किसानों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत व सम्मान किया। इसके पश्चात विधिवत पूजन-अर्चन कर कपास खरीदी का औपचारिक शुभारंभ किया गया। शुरुआती भाव पर किसानों ने संतोष तो जताया, परंतु बढ़ती महंगाई पर चिंता भी जाहिर की। किसानों का कहना है कि खाद, बीज, कीटनाशक, सिंचाई और मजदूरी की लागत लगातार बढ़ती जा रही है, जिसके मुकाबले यह भाव नाकाफी हैं। उन्होंने मांग उठाई कि मेहनत और उत्पादन खर्च को संतुलित करने के लिए कपास का न्यूनतम भाव 15,000 रुपये प्रति क्विंटल तय किया जाना चाहिए, ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नाना मोहोड़, भाजपा नेता इंदरचंद डागा,नट्टू टावरी,पी के गुरवे,पुरुषोत्तम पोतरे,दिलीप बत्रा,के अलावा कपास व्यापारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

सोसायटी में चोरी करने वाले दो आरोपी 10 घंटे में गिरफ्तार, माल बरामद

लालबर्रा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, चोरी का हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा ।



बालाघाट जिले के लालबर्रा थाने में पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए सार्वजनिक सोसायटी में हुई चोरी का महज 10 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है, जबकि दो अन्य आरोपी फिलहाल फरार हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 18 और 19 अक्टूबर 2026 की दरमियानी रात को अज्ञात चोरों ने ग्राम चंदनटोला (अतरी) स्थित सार्वजनिक सोसायटी के कमरे का ताला तोड़ दिया था। चोर वहाँ रखा 6 क्विंटल गेहूं (कुल 12 बोरियाँ) और एक इलेक्ट्रॉनिक नापतोल कांटा मशीन चुराकर ले गए थे। शिकायत मिलने पर लालबर्रा थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 490/2026, धारा 305(e) एवं 331(4) बीएनएस (BNS) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिरों से कुछ अहम सुराग मिले। विश्वसनीय सूत्रों की सूचना पर पुलिस ने दो संदेहियों को हिरासत में लिया। जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उन्होंने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की इस वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया।

पकड़े गए आरोपियों के नाम निलेश उइके (पिता धन्नालाल उइके), निवासी- ग्राम अतरी2. अखिलेश पंचेश्वर (पिता कृष्णा पंचेश्वर, उम्र 21 वर्ष), जाति- मरार, निवासी- ग्राम पिपरिया।

15 फीट ऊंचे रावण-कुंभकरण-मेघनाथ के पुतलों का नगर भ्रमण और दहन देखने उमड़ा जनसैलाब

असत्य पर सत्य की जीत का पर्व, विजयादशी के 68वें वर्ष पर निकला भव्य चल समारोह



हरिभूमि न्यूज कटंगी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक पर्व विजयादशमी को समूचे कटंगी क्षेत्र में अत्यंत धूमधाम, हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के सरकारी अस्पताल दशहरा मैदान में करीब 15 फीट ऊंचे रावण, उसके भाई कुंभकरण और पुत्र मेघनाथ के विशाल पुतलों का शाम साढ़े 08 बजे दहन किया गया। इससे पूर्व इन तीनों पुतलों का परंपरागत रूप से पूरे नगर में भ्रमण करवाया गया, जो कटंगी के दशहरे की सबसे बड़ी विशेषता और पहचान है। इस वर्ष कटंगी में 68वें दशहरा चल समारोह का भव्य आयोजन किया गया। शहर के वार्ड क्रमांक 06 बजरंग वार्ड से शाम करीब 5 बजे चल समारोह का शुभारंभ हुआ। चल समारोह में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, रामभक्त हनुमान, भगवान शिव और उनकी भूत-प्रेतों की टोली की जीवंत झांकियां आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। इन झांकियों में कलाकारों ने सजीव अभिनय से सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से भगवान शिव की झांकी और उनके साथ चल रहे शिव तांडव नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे-जैसे चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों से गुजरा, जगह-जगह पर धार्मिक गीतों की धुन पर युवाओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। महाकौशल क्षेत्र में कटंगी का दशहरा उत्सव अपने आप में एक अलग और अनूठी पहचान रखता है। बताया जाता है कि महाकौशल में कटंगी ही एकमात्र ऐसा शहर है, जहां दशहरे के दिन रावण के साथ उसके भाई कुंभकरण और पुत्र मेघनाथ के कई फीट ऊंचे पुतलों का जुलूस पूरे शहर में निकाला जाता है और उसके बाद दशहरा मैदान में ले जाकर उनका दहन किया जाता है। यही वजह है कि इस ऐतिहासिक क्षण को देखने के लिए न केवल कटंगी क्षेत्र, बल्कि बालाघाट, सिवनी, मंडला और आसपास के जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु और दर्शक कटंगी पहुंचते हैं।

नगर भ्रमण के बाद जैसे ही तीनों पुतले दशहरा मैदान पहुंचे, वहां पहले से मौजूद हजारों लोगों की भीड़ ने जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से उनका स्वागत किया। दहन से पूर्व मैदान में गगनचुंबी और रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई, जिसने पूरे आसमान को रोशनी से भर दिया। इसके बाद विधिवत पूजन के बाद रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। पुतलों के धू-धू कर जलते ही मैदान में मौजूद जनसमूह ने असत्य पर सत्य की जीत के जयघोष के साथ इस पर्व की खुशी मनाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक गौरव सिंह पारधी, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, जिला पंचायत सदस्य सभापति श्रीमती केसर बिसेन, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मेष कुमार देशमुख, आशुतोष बिसेन, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति कटंगी के अध्यक्ष राजेश कड़वे, कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ. हेमेन्द्र उर्फ राजू चौधरी, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र राहंगडाले, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र देशमुख, सचिव हितेश पटले सहित समिति के सभी सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उकवा ग्राम विकाश प्रस्फुटन समिति ने नवरात्रि नगरभोज में भक्तों को पिलाया पानी



उकवा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उकवा के अध्यक्ष मुरली नर्सवानी गुलाब रोकड़े उषा गिरे एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के द्वारा नवरात्रि पर्व पर सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति उकवा के द्वारा दुर्गा नवमी के दिन नगर भोज कराया गया था जिसमें विकास प्रस्फुटन समिति उकवा के द्वारा नगरभोज के दौरान मंदिर में आए भक्तों को पानी वितरण किया गया।

बांसागार डिपो में पानी की टंकी में मिला सड़ा-गला वन्यजीव का शव, वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

सुरक्षा कर्मियों और डिपो प्रभारी की मौजूदगी के बावजूद कई दिनों तक कैसे पड़ा रहा शव? पशु चिकित्सा विभाग ने जांच में शामिल होने से किया इनकार, शव के अवशेष हटाने की कार्रवाई पर भी उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज लांजी।



वन विभाग उत्पादन लांजी के बांसागार डिपो स्थित बकरा मंडी परिसर में 21 अक्टूबर को पानी की टंकी में एक अज्ञात पशु का सड़ा-गला शव मिलने का मामला सामने आया है। शव की स्थिति इतनी खराब बताई जा रही है कि उस पर कीड़े पड़ चुके थे और मांस लगभग पूरी तरह गल चुका था। मौके पर कुछ हड्डियां ही शेष दिखाई देने की बात सामने आई है। इस घटना ने वन विभाग की सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।बांसागार डिपो परिसर की सुरक्षा के लिए सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाती है। इसका उद्देश्य परिसर में अवांछित गतिविधियों पर रोक लगाना और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि डिपो परिसर की पानी की टंकी में किसी पशु का शव कई दिनों तक पड़ा रहा, तो इसकी जानकारी संबंधित सुरक्षा कर्मियों, सेक्टर प्रभारी और डिपो प्रभारी को क्यों नहीं मिली? क्या नियमित निरीक्षण किया जा रहा था या सुरक्षा व्यवस्था केवल औपचारिकता बनकर रह गई है?मामले की जानकारी वन विभाग उत्पादन के एसडीओ को मिलने के बाद वन अमले को मौके पर भेजे जाने की बात सामने आई है। आरोप है कि पशु चिकित्सा अधिकारी की मौजूदगी के बिना ही मृत पशु के अवशेषों को मौके से हटाने की कार्रवाई की गई। इस घटनाक्रम को लेकर विभाग की प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं।जब इस संबंध में वन विभाग उत्पादन के एसडीओ से जानकारी ली गई, तो उनके कथनानुसार मृत पशु के अवशेषों को पशु चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में हटाया गया और मामले की जांच भी की गई।हालांकि, इस दावे के विपरीत पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें इस संबंध में न तो कोई सूचना दी गई और न ही कोई पत्र प्राप्त हुआ। अधिकारियों के अनुसार, पशु चिकित्सा विभाग का अमला घटनास्थल पर मौजूद नहीं था और उन्हें मृत पशु के शव की जानकारी भी नहीं थी। दोनों विभागों के कथनों में सामने आए इस अंतर से मामले की निष्पक्ष जांच की आवश्यकता और बढ़ गई है।

अहंकारी रावण के दहन के बाद छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का दर्शको ने लिया आनंद

उकवा में दशहरा पर्व की धूम झांकियां रही आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज उकवा। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति उकवा बस्ती में लगातार कई दशकों से नवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है नवरात्रि के नवदिन माता रानी के भक्तों की भीड़ बड़े ही श्रद्धा से माता रानी की आरती में पहुंचकर बड़े ही भक्ति भाव से मां दुर्गा की भक्ति में लीन हो जाते हैं ।

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति उकवा बस्ती के अध्यक्ष श्री निलेश अग्रवाल उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल निखिल नर्सवानी सिद्धार्थ खोबरागड़े रजत चौकसे सौरभ अग्रवाल परमानंद पारधी विजय पटले एवं संजीव अग्रवाल ने हरिभूमि समाचार पत्र के रिपोर्टर को जानकारी देते हुए बताया कि सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति उकवा बस्ती के प्रांगण में माँ शेरावाली की आरती के पश्चात प्रतिदिन माता रानी के चाहने वाले भक्तों के द्वारा आरती में आए सैकड़ो लोगों को विशाल भंडारा कराया जाता है जिसमें तरह-तरह के व्यंजन पुलाव पूरी हलवा फल मिठाइयां आदि महाप्रसादी का वितरण किया जाता है एवं नगर भोज भी कराया जाता है ।

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति उकवा बस्ती के द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई जिसमे श्री राम लक्ष्मण एवं हनुमान विवेक ज्योति उकवा की पेशकश, आदिवासी बैगा बच्चों की मौत का जिम्मेदार कौन ? वार्ड नंबर 12 उकवा, नेपाल बाढ़ त्रासदी, यात्री सुरक्षा देश की प्रतिष्ठा वार्ड नंबर 07 बस्ती आतंकवाद हटाओ मानवता बचाओ,वनों की सुरक्षा वन विभाग की पेशकश, मासूमियत का खौफनाक मंजर बरगी बांध जबलपुर वार्ड नंबर 8 उकवा, चीर हरण वार्ड नंबर 11 उकवा, जगन्नाथ धाम समिति के द्वारा भगवान जगन्नाथ की झांकी, माता-पिता की सेवा संस्कार, मां दुर्गा का स्वरूप वार्ड नंबर 8 उकवा, नीला ड्रम हत्याकांड मेरठ रिश्ते हुए शर्मसार,आदि झांकियां बस स्टैंड उकवा दुर्गा मैदान से निकाली गई इस दौरान नन्ही मुन्नी बालिकाओं के द्वारा झांकियो के आगे आगे कलश यात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए रेंजऑफिस पहुंची वहां से वापस उकवा बस स्टैंड से उकवा बस्ती का भ्रमण करते हुए सूर्य मैदान पहुंची जहां पर रावण के विशाल पुतले का विधि विधान से पंडित के द्वारा पूजा अर्चना की गई धुआंधार आतिशबाजी के बीच नन्हे श्री राम के द्वारा रावण दहन किया गया उसके पश्चात रैली में प्रथम आने वाली झांकी आयोजक समिति वार्ड नंबर 6 की दिन छूने वाली पेशकश हर बैग बच्चों का अधिकार शिक्षा स्वास्थ्य और सम्मान बैग बच्चों की मौत पर आधारित झांकी को 7100 रु द्वितीय 5100 रु तृतीय स्थान पाने वाली झांकि को 3100 रुपए का नगद पुरस्कार कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश अग्रवाल अनुज चौकसे मुकेश गोयल मानसिंह धुर्वे दीपक चौकसे हेमंत पंनरिया ऋषभ अग्रवाल तपेश घुले कोषाध्यक्ष वैभव चौकसे संतोष सोनी भूपेंद्र चौकसे गौरव रोकड़े विजय कटरे मनोज अग्रवाल प्रकाश अग्रवाल नेमीचंद गौतम रोहित नर्सवानी उज्जवल परिहार दानिश परिहार निसार पांडे जयशंकर यादव सौरभ गोदरे तरुन रावल शिव कोहरे यश परिमल दीपक नर्सरी आदित्य अग्रवाल के हस्ते दिया गया पूरे कार्यक्रम में समस्त ग्राम वासियों का भरपूर सहयोग मिला ।

खबर संक्षेप

बिछिया थाने में हुआविधिवत शस्त्र पूजन



भुआबिछिया। विजयादशमी एवं दशहरा पर्व के पावन अवसर पर थाना बिछिया परिसर में पारंपरिक शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक नारायण सिंह पट्टा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) सौरभ तिवारी, थाना प्रभारी एवं नगर निरीक्षक शत्रुघ्न मिश्रा सहित समस्त पुलिस परिवार ने विधि-विधान से शस्त्र पूजन कर परंपरा का निर्वहन किया। शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा है, जो साहस, शौर्य, कर्तव्यनिष्ठा और धर्म की रक्षा के संकल्प का प्रतीक मानी जाती है। पुलिस विभाग के लिए यह आयोजन केवल शस्त्रों के पूजन तक सीमित नहीं है, बल्कि जनसेवा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और समाज की सुरक्षा के प्रति अपने दायित्वों को पुनः स्मरण करने का अवसर भी है। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि शस्त्र पूजन केवल शौर्य और पराक्रम को नमन करने की परंपरा नहीं, बल्कि हमारे भीतर निहित साहस, धैर्य, संवेदना और मानवता जैसे गुणों का सम्मान भी है। शक्ति का वास्तविक अर्थ समाज की रक्षा, निर्बलों की सहायता और न्याय की स्थापना के लिए उसका सदुपयोग करना है। दशहरा पर्व असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देता है। इसी भावना के साथ पुलिस परिवार ने जनसुरक्षा, शांति और कानून-व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। पारंपरिक शस्त्र पूजन के माध्यम से कर्तव्य, अनुशासन और मानवीय मूल्यों के समन्वय का संदेश भी दिया गया।

फिर हुआ भीषण सड़क हादसा, ट्रक-कार की भिड़ंत में 1 की मौत, 4 गंभीर रूप से घायल

सौंसर। क्षेत्र में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर ग्राम खुटाम्बा के पास रविवार रात करीब 9 बजे नागपुर की ओर से आ रही एक डस्टर कार और विपरीत दिशा छिंदवाड़ा की ओर से से सौसर आ रहे ट्रक क्रमांक एम 40 सी टी 5566 के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई।इस दर्दनाक हादसे में छिंदवाड़ा निवासी साजिद भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार सवार मेजाबीन, फारुख, फरकान और शहनाज गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बीएमओ डॉ. रूपेश बोकाडे एवं उनकी मेडिकल टीम ने सौसर अस्पताल में घायलों का त्वरित प्राथमिक उपचार किया, जिसके बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें नागपुर रेफर कर दिया गया। मामले में सौसर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आगे की जाँच शुरू कर दी है। सौसर डीएसपी प्रियंका पांडे ने बताया कि आगामी त्योहारों के सीजन के कारण सड़कों पर वाहनों की आवाजाही काफी बढ़ गई है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से धीमी गति से वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। पुलिस द्वारा जगह-जगह चेकप्वाइंट बनाकर नियम तोड़ने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। वही नवरात्र एवं दशहरा महोत्सव को लेकर बंजारी माता मंदिर भवानी माता मंदिर चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली, के अलावा विसर्जन स्थलों पर भी सुरक्षा पार्किंग एवं पुलिस की तैनाती की गई है।

विजयादशमी पर मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने किया शस्त्र पूजन

विधि-विधान और परम्परानुसार सम्पन्न हुआ वाहन पूजन
विजयादशमी पर्व पर जिलेवासियों को दी शुभकामनाएं





मण्डला। विजयादशमी के पावन पर्व पर पुलिस लाइन मंडला में परम्परानुसार शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, मंडला सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी ने विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन किया। साथ ही वाहनों का भी पूजन कर सुख, समृद्धि, सुरक्षा एवं जनकल्याण की कामना की गई।

विजयादशमी का पर्व भारतीय संस्कृति और परम्परा में विशेष महत्व रखता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य तथा अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भारतीय परंपरा में शस्त्र पूजन शक्ति, साहस, कर्तव्यनिष्ठा और धर्म की रक्षा के संकल्प से जुड़ा हुआ है। इस दिन शस्त्रों का पूजन कर उनके सदुपयोग तथा समाज एवं राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण किया जाता है।

कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती संपतिया उइके एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने विजयादशमी पर्व की महत्ता को भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपराओं से जुड़ा बताया। पर्व हमें सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने तथा समाज में सकारात्मकता, सद्भाव और आपसी भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। शस्त्र पूजन के साथ वाहनों का पूजन भी परंपरानुसार किया गया। भारतीय संस्कृति में कार्य में उपयोग होने वाले साधनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने की परंपरा रही है। इसी भाव के साथ पूजन कर सभी के सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जिलेवासियों को विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि विजयादशमी का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आए तथा मंडला जिले में विकास, सामाजिक सद्भाव और जनकल्याण की भावना निरंतर सुदृढ़ होती रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, डीएफओ श्री एमएस मौर्य, एडीशनल एसपी श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम मंडला श्री शैलेन्द्र चौधरी सहित विभिन्न अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

गरबा-डांडिया की थाप पर थिरके कदम

माँ खोडियार रास गरबा महोत्सव का भव्य समापन

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने विजेताओं को किया पुरस्कृत





मण्डला

सुभाष वार्ड में आयोजित पांच दिवसीय मां खोडियार रास गरबा महोत्सव का गरबा-डांडिया की थाप, उत्साह और उमंग के बीच भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में लोकसभा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते शामिल हुए। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां खोडियार के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद प्रतिभागियों ने गरबा और डांडिया की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। पांच दिनों तक चली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के प्रदर्शन,कला और विभिन्न बारीकियों के आधार पर निर्णायक मंडल ने विजेताओं का चयन किया। निर्णायक मंडल में रितु शर्मा,राजुल सिंहानी,मेनका सोनवानी और पूनम सचान शामिल रहीं। अतिथि प्रीति पमनानी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

इन्हें मिला विशेष पुरस्कार -

आयोजन में विभिन्न आयु वर्ग के आधार पर विजेताओं का निर्धारण किया गया।समिति की ओर से बेस्ट ऑफ खोडियार गरबा क्वीन का पुरस्कार रिचा माखीजा,बेस्ट ऑफ खोडियार डांडिया का पुरस्कार प्रकृति कछवाहा, बेस्ट मेकअप एंड आउटफिट का पुरस्कार आयुषी हरदहा तथा मोस्ट एनर्जेटिक परफॉर्मेंस का पुरस्कार तनीषा सुखवानी को दिया गया।

गरबा लिटिल प्रिंसेस : इसमें प्रथम ख्वाहिश चंदनानी, द्वितीय अनन्या सिंह और तृतीय मिष्टी कुकरेजा रहीं। गरबा प्रिंसेस : इसमें प्रथम मुस्कान फागवानी,द्वितीय कोमल क्षत्री और तृतीय सिमरन कटियार को पुरस्कृत किया गया। गरबा क्वीन : इसमें प्रथम डिंपल लालवानी, द्वितीय श्रद्धा कछवाहा और तृतीय रिकू कटिया को पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं लकी ड्रॉ में नूपुर कछवाहा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रामेश्वर झारिया,पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष पारस असरानी,सचिव गुलशन वरदानी,समाजसेवी रोचीराम गुरवानी,सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा,भाजपा नगर अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत,सुशील पमनानी,मोहन तलरेजा,शेरू पमनानी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। गरबा आयोजन में पुलिस विभाग के विशेष सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम का मंच संचालन अनुष्का मालवानी ने किया।

सेवानिवृत्त प्राचार्य के स्वत्वों का भुगतान अटका

25 हजार रुपये लेने का आरोप


जनसुनवाई में कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने लिया संज्ञान

मण्डला। जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल मगरधा, विकासखंड बीजाडांडी से 30 जून 2026 को प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए डॉ. विजय दुबे ने अपने सेवानिवृत्ति संबंधी स्वत्वों का भुगतान नहीं होने की शिकायत कलेक्टर मण्डला से की है। उन्होंने जीपीएफ, अवकाश नगदीकरण, पेंशन एवं ग्रेच्युटी की राशि का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है। मामले में कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने जनसुनवाई के दौरान संज्ञान लेते हुए जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी विष्णु सिगौर को प्रकरण का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

पेंशन प्रक्रिया के नाम पर 25 हजार रुपये लेने का आरोप-

डॉ. दुबे द्वारा 13 अक्टूबर 2026 को जनसुनवाई में प्रस्तुत आवेदन के अनुसार, उनका पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जारी हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद सेवानिवृत्ति संबंधी स्वत्वों का भुगतान लंबित है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेंशन प्रक्रिया के नाम पर उनसे 25 हजार रुपये लिए गए। आवेदन में उल्लेख है कि 10 हजार रुपये 24 अप्रैल 2026 को कार्यालय कर्मचारी सतेन्द्र के खाते में तथा 15 हजार रुपये 26 जून 2026 को रोहित के खाते में ऑनलाइन हस्तांतरित किए गए। शिकायतकर्ता के अनुसार, इस राशि की कोई पावती भी नहीं दी गई। उन्होंने सवाल उठाया कि पेंशन प्रक्रिया के नाम पर राशि लेने के बावजूद भुगतान में देरी क्यों हो रही है।





आर्थिक परेशानी में प्राचार्य -

डॉ. दुबे का कहना है कि सेवानिवृत्ति के बाद तीन माह से अधिक समय बीतने के बावजूद उनके स्वत्वों का भुगतान नहीं हुआ है। इसके चलते उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से मामले की जांच कराकर लंबित राशि का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है।

बीईओ का पक्ष नहीं हो सका ज्ञात-

इस मामले में बीजाडांडी के विकासखंड शिक्षा अधिकारी अवधेश दुबे का पक्ष जानने के लिए दूरभाष पर संपर्क किए जाने के संबंध में शिकायतकर्ता की ओर से कोई जानकारी नहीं, बल्कि मीडिया द्वारा संपर्क किए जाने पर फोन नहीं उठाए जाने की समस्या सामने आने की बात कही गई है। हालांकि, इस प्रकरण में संबंधित अधिकारी का पक्ष उपलब्ध नहीं हो सका। पेंशन प्रक्रिया के नाम पर राशि लेने और भुगतान में देरी के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि तथा विभागीय जांच के निष्कर्ष सामने आना शेष है।

अब कार्रवाई पर नजर-

कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में प्रकरण का संज्ञान लेकर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए जाने के बाद अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विभाग लंबित स्वत्वों का भुगतान कितने समय में सुनिश्चित करता है। कर्मचारियों को समय पर उनके वैधानिक देयकों का भुगतान मिलना आवश्यक है। ऐसे मामलों में समयबद्ध कार्रवाई से कर्मचारियों का प्रशासन पर भरोसा कायम रह सकता है।

35वीं वाहिनी विसबल ग्वारा में वाहन शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित



मण्डला।

विजयादशमी के पावन पर्व पर आज 35वीं वाहिनी विसबल ग्वारा, मंडला के क्वार्टर गार्ड परिसर में शस्त्र पूजन का आयोजन विधि-विधान से किया गया। इस अवसर पर उप सेनानी श्री इंद्र सिंह परस्ते के मुख्य आतिथ्य में शस्त्रों का पूजन एवं हर्ष फायर कराया गया। इसके साथ ही वाहिनी के समस्त वाहनों का भी विधि-विधान से पूजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक सेनानी नरेश कुडापा, यशपाल कटरे, सामग्री अध्यक्ष देवेंद्र टेकाम, सूबेदार मेजर बखत सिंह मरावी, वाहन शाखा प्रभारी वीरन सिंह सलाम, आर्म्स प्रभारी युगल किशोर प्रजापति सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पूजन के पश्चात सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने जिले में शांति एवं सुरक्षा की कामना की।

इस दीपावली, आपके घर की अतिरिक्त वस्तुएं बनेंगी किसी जरूरतमंद की खुशियाँ

आनंदम (दुआओं का घर), मंडला के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण 21 अक्टूबर को

मण्डला।

हम सभी के घरों में ऐसी अनेक वस्तुएं होती हैं, जिनकी हमें अब आवश्यकता नहीं होती, लेकिन वही वस्तुएं किसी जरूरतमंद के लिए अनमोल उपहार बन सकती हैं। आपके घर में रखे अतिरिक्त कपड़े, जूते-चप्पल, पुस्तकें, कॉपियाँ, पेन-पेंसिल, बिस्तर, घड़ी, चूड़ियाँ, बिंदी एवं अन्य श्रृंगार सामग्री किसी के चेहरे पर मुस्कान ला सकती हैं। विगत 4 दिसंबर 2016 से निरंतर संचालित आनंदम (दुआओं का घर), मंडला जरूरतमंदों के लिए आशा और सहयोग का केंद्र बना हुआ है। यहाँ दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से आने वाले ग्रामीणों, मजदूरों तथा न्यायालयीन एवं अन्य कार्यों से मंडला पहुंचने वाले जरूरतमंदों को उपयोगी वस्तुएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। 21 अक्टूबर 2026 को आनंदम के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण होने जा रहा है। इस शुभ अवसर पर आप सभी से विनम्र अपील है कि दीपावली की खुशियों को जरूरतमंदों के साथ साझा करें। आमजन से अनुरोध है कि अपनी आवश्यकता से अधिक, अच्छी स्थिति में मौजूद उपयोगी वस्तुएं आनंदम (दुआओं का घर), मंडला में अवश्य पहुंचाएं। आपकी दी हुई वस्तु किसी जरूरतमंद के लिए नई उम्मीद, किसी बच्चे के लिए पढ़ाई का सहारा और किसी परिवार के लिए खुशियों की वजह बन सकती है। याद रखिए, जिस वस्तु का आपके लिए अब उपयोग नहीं, वह किसी दूसरे के लिए बेहद कीमती हो सकती है। आइए, इस दीपावली केवल अपने घर ही नहीं, दूसरों के जीवन में भी खुशियों के दीप जलाएं। वस्तुओं का दान करें, जरूरतमंदों की मदद करें और उनके चेहरों पर खिलती मुस्कान का आनंद अनुभव करें। आपका छोटा-सा सहयोग, किसी जरूरतमंद के जीवन में बड़ी खुशी ला सकता है।

एक माह में ही गिर गई पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई बाउंड्री वॉल

गुणवत्ता व बच्चों की सुरक्षा पर खड़े हो रहे सवाल

नवोदय विद्यालय द्वारा दी गई थी राशि

मण्डला। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा नवोदय विद्यालय पदमी के परिसर में बनाई गई बाउंड्री वॉल एक माह के अंदर ही गिर गई लेकिन अब इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

जिससे विभाग के कार्यों की गुणवत्ता एवं बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय की क्षतिग्रस्त 40 मीटर बाउंड्री वॉल को पुनः निर्मित कराने के लिए मार्च 2023- 24 में विद्यालय द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग को बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 5 लाख 36 हजार रूपए दिए गए थे और विभाग ने जून 2025 को कार्य पूर्ण कर दिया था लेकिन यह निर्माण कार्य जुलाई 2025 के प्रथम सप्ताह में ही एक माह के अंदर गिरकर ध्यवसत हो गया है। यह बात सभी जिम्मेदारों के संज्ञान में है फिर भी दोबारा निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है। अब तो विद्यालय में खतरनाक जानवर घुसने लगे हैं। जिससे पालकों की चिंता बढ़ गई है। विचारणीय विषय है कि जिस विद्यालय से पढ़कर अधिकांश लोग बड़े-बड़े प्रशासनिक पदों पर कार्य कर रहे हैं और तैयार किए जा रहे हैं। ऐसे में यहां के विद्यालय परिसर पर पीडब्ल्यूडी विभाग का ये गुणवत्ता





विहीन निर्माण कार्य यहां के पढ़ने वाले बच्चों को क्या संदेश दे रहा है। हालांकि यह निर्माण कार्य विभाग के पूर्व इंजीनियर श्री भलावी की देखरेख में कराया गया था। मामला वर्तमान इंजीनियर त्रिपाठी मैडम के संज्ञान में भी है फिर भी निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की दिशा में समय पर कदम नहीं उठाया जा रहा है। जबकि मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान पदस्थ विभाग की इंजीनियर मैडम त्रिपाठी सतना के नवोदय विद्यालय की छात्रा रह चुकी हैं। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है की इस बाउंड्री वॉल को अब शीघ्र बनाया जाएगा।

हरिभूमि

सतपुड़ा भूमि

[तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा]

10

जबलपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

गरीब परिवार के बेटा-बेटियों को मिले शासन-प्रशासन में भागीदारी, शिक्षा के क्षेत्र में करता रहूंगा हमेशा प्रयास : वैभवसिंह बिसेन

ग्राम गर्रा में ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ करेंगे मंत्री प्रहलाद पटेल

शिक्षा के क्षेत्र में सर्वाधिक अंक पाने वाले बेटा-बेटियों को ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन निजी तौर पर ई-स्कूटी, लैपटाप, टेबलेट तथा साईकिल, गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान प्रदान करते हैं ताकि पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं अच्छे अंक प्राप्त कर सके और ग्राम गर्रा का नाम समूचे क्षेत्र में रोशन हो इसके लिए हमेशा प्रयासरत रहें हैं, वही गरीब परिवारों को अपने कब्जे वाली जमीन का मालिकाना हक मिल सके। इसके लिए भी उनका प्रयास युद्ध गति से जारी हैं, वहीं गरीब परिवारों का बीपीएल सूची में नाम जोड़ने के लिए उनका परिश्रम सराहनीय रहा हैं। पीएम आवास योजना में 972 परिवारों के नाम पूरे जिले में सर्वाधिक हैं।

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल आज बालाघाट जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे कोसमी में ग्राम विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे, जबकि गर्रा में 124 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। उनके प्रवास के दौरान गर्रा में नवनिर्मित ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन और जिला सरपंच संघ के सम्मेलन में सहभागिता निभाएंगे।

मंत्री श्री पटेल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 8 बजे जबलपुर स्थित सैनिक सोसायटी, शक्तिनगर से बालाघाट के लिए प्रस्थान करेंगे। सुबह 11:30 बजे ग्राम पंचायत कोसमी पहुंचकर ग्राम विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे कोसमी में शुभारंभ लॉन के सामने श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड की सीएसआर पहल के अंतर्गत 'नवगति, हर सफर में प्रगति' कार्यक्रम के तहत आयोजित ट्रांसपोर्ट परिवार महोत्सव में सहभागिता करेंगे।

दोपहर 1:30 बजे मंत्री श्री पटेल श्रीमती लता एलकर के निवास पर भेंट करेंगे। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे ग्राम गर्रा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर 124 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।





इसी अवसर पर वे नवनिर्मित ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे तथा जिला सरपंच संघ के सम्मेलन में भी भाग लेंगे। अपने निर्धारित प्रवास कार्यक्रम के अंतिम चरण में मंत्री श्री पटेल अपराह्न 4 बजे गर्रा से जबलपुर के लिए रवाना होंगे। शाम 7 बजे उनके सैनिक सोसायटी, शक्तिनगर, जबलपुर पहुंचने का कार्यक्रम निर्धारित है।

मंत्री के इस प्रवास के दौरान ग्राम विकास से जुड़े कार्यों, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और ई-लाइब्रेरी जैसी शैक्षणिक सुविधा के उद्घाटन पर विशेष ध्यान रहेगा।

कल चांगोटोला में लगेगा जिला स्तरीय जन-विश्वास शिविर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत 23 अक्टूबर को विकासखंड बालाघाट अंतर्गत ग्राम चांगोटोला में जिला स्तरीय जन-विश्वास शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण करने के साथ शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति की जानकारी लेना है।

शिविर के आयोजन से पहले अधिकारियों को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में प्राप्त होने वाले नए आवेदनों और शिकायतों का भी यथासंभव मौके पर समाधान किया जाएगा। शिविर में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, फार्मर आईडी, आयुष्मान कार्ड, समग्र ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवाओं सहित खाद-बीज वितरण और सार्वजनिक वितरण प्रणाली की व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी।

जन-विश्वास अभियान के तहत अधिकारी केवल शिविर में ही नहीं, बल्कि क्षेत्र में पहुंचकर विभिन्न विकास कार्यों का भी निरीक्षण करेंगे। सड़कों, तालाबों, अमृत सरोवरों, बांधों, जल जीवन मिशन की संरचनाओं और शासकीय भवनों की स्थिति का जायजा लिया जाएगा। निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और उपयोगिता की भी जानकारी ली जाएगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्र, आईटीआई, सहकारी समितियों, कृषि मंडियों, पुलिस थानों, लोक सेवा केंद्रों और शासकीय देवस्थानों का निरीक्षण भी किया जाएगा।

श्रीराम की शोभायात्रा नहीं पहुंच पाई, 63 सालों में ऐसी पहली घटना

आतिशबाजी के दौरान पुतले में लगी आग,धु-धु कर जला रावण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट के 63 साल के दशहरा उत्सव के इतिहास में पहली बार एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। शहर के दशहरा मैदान में भगवान श्रीराम के पहुंचे बिना ही रावण का पुतला धू-धू कर जल गया। परंपरा टूटने और बिना श्रीराम के रावण दहन होने की इस घटना के बाद से ही शहर में तरह-तरह के सवाल उठने लगे हैं कि आखिर रावण के पुतले में आग किसने और कैसे लगाई।



आमतौर पर बालाघाट में पानीपत की तर्ज पर हनुमान जी का स्वरूप धारण करने वाले साधक 40 किलो का भारी-भरकम मुकुट पहनकर शोभायात्रा की अगुवाई करते हैं। वे भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को लेकर दशहरा मैदान पहुंचते हैं, जहां रावण की परिक्रमा के बाद श्रीराम के बाण से दहन होता है।

लेकिन इस बार पुतला दहन से पहले मैदान में शानदार आतिशबाजी की जा रही थी। इसी आतिशबाजी की एक चिंगारी रावण के पुतले में लगे पैरे पर जा गिरी। देखते ही देखते पुतले में लगे पटाखे फटने लगे और श्रीराम के आने से पहले ही रावण का पुतला राख में तब्दील हो गया।

इस घटना को लेकर अब सियासत और प्रशासनिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है।

उधर, एसडीएम गोपाल सोनी का कहना है कि यह आयोजन समिति का विषय है और वही बेहतर बता सकती हैं।

वहीं महावीर सेवादल समिति के प्रतिनिधि अमन गांधी ने साफ किया कि यह कोई जानबूझकर की गई गलती नहीं बल्कि आतिशबाजी के दौरान हुआ एक हादसा था। उन्होंने माना कि यह व्यवस्था की बड़ी चूक है और भरोसा दिलाया कि भविष्य में इस तरह की घटना न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

बालाघाट में नकली एवं मिलावटी घी के विरूद्ध कार्रवाई

केसर प्लाजा स्थित अरिहंत प्रोव्हिजन, गायखुरी रोड़ स्थित श्री गायत्री इंटरप्राइजेस पर शासन का प्रतिबंध, प्रयोगशाला में जांच के बाद अमानक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। मध्यप्रदेश में नकली एवं मिलावटी घी के विरुद्ध चल रही कार्रवाई के तहत बालाघाट जिले में भी विभिन्न ब्रांड के घी के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए थे। जांच रिपोर्ट में तीन बैच के घी के नमूनों को असुरक्षित घोषित किया गया है। इसके बाद संबंधित बैच के घी के विक्रय पर प्रतिबंध लगाते हुए बाजार से उत्पाद वापस मंगाने के निर्देश जारी किए गए हैं।खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री योगेश डोंगरे ने बताया कि जांच के लिए लिए गए नमूनों में सोसाइटी घी के 500 मिलीलीटर पैक का बैच नंबर BRA2801G00126 शामिल है, जिसकी पैकिंग दिनांक 28 जनवरी 2026 है। इस नमूने की जांच रिपोर्ट क्रमांक 04100331-003/26-27, दिनांक 23 सितंबर 2026 में इसे असुरक्षित घोषित किया गया है। इसी प्रकार औषधा घी के 500 मिलीलीटर पैक, बैच नंबर BN J06, निर्माण तिथि 15 जून 2026 तथा औषधा देसी घी के 200 मिलीलीटर पैक, बैच नंबर KJ07, निर्माण तिथि 5 जुलाई 2026 के नमूने भी जांच में असुरक्षित पाए गए हैं। इनकी जांच रिपोर्ट क्रमशः 04100331-001/26-27 एवं 04100331-002/26-27, दिनांक 23 सितंबर 2026 को जारी की गई हैं।



संबंधित विक्रेताओं एवं कंपनियों को निर्देशः खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच में असुरक्षित घोषित किए गए इन तीनों बैच के घी के विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में बालाघाट के केशर प्लाजा कॉम्प्लेक्स स्थित अरिहंत प्रोविजन, गायखुरी रोड स्थित श्री गायत्री इंटरप्राइजेज तथा संबंधित निर्माता कंपनियों को निषेध आदेश जारी कर सूचित किया गया है। संबंधित विक्रेताओं एवं निर्माताओं को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिबंधित बैच के घी को बाजार से तत्काल वापस मंगाने की प्रक्रिया सुनिश्चित करें। आदेश का पालन नहीं करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा संबंधित नियमों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम के आदेश पर जांच समिति ने की जांच कर बनाया पंचनामा

बिना अनुमति शासकीय नजूल भूमि पर बन रही दुकानें

दस्तावेजों के साथ एसडीएम न्यायालय में उपस्थित होने के दिए निर्देश, एसडीएम ने निर्माणाधीन दुकान पर लगाई निर्माण कार्य पर रोक

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर में शासकीय नजूल भूमि पर वर्षों से जारी कथित अतिक्रमण और दुकानों के निर्माण के मामले में पहली बार प्रशासनिक स्तर पर कार्यवाही का मामला सामने आया है। नगर के जागरुक नागरिक व पत्रकार आनंद ताम्रकार द्वारा की गई शिकायत के बाद एसडीएम श्रीश प्यासी ने कटंगी मार्ग पर कृषि उपज मंडी के सामने बनाई गई व बनाई जा रही दुकानों के खिलाफ जॉच के आदेश जारी करते हुए 4 सदस्यीय समिति का गठन करते हुए निर्माणाधीन दुकान के निर्माण पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी है और दुकान निर्माण करने वाले लोगों को नोटिस जारी कर दुकान निर्माण से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर एसडीएम न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए है। जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए है, उनमें विजय गिडवानी, सुनील गिडवानी, मुरलीधर गिडवानी, सुरेश वाधवानी व भगवानदास वाधवानी शामिल है।



यह है पूरा मामलाः शासकीय दस्तावेजों के अनुसार वारासिवनी कृषि उपज मंडी के सामने कटंगी मार्ग पर खसरा नजूल शीट क्रमांक 9 डी प्लॉट नंबर 6 की लगभग 5820 वर्गमीटर भूमि को शासकीय नजूल भूमि के रूप में दर्ज बताया गया है। आवेदन में आरोप लगाया गया था कि इस भूमि पर कुछ लोगों द्वारा पुरानी दुकानों को तोडक़र नई दुकानें बनाई जा रही हैं साथ ही निर्माण के लिए आवश्यक अनुमति और भूमि से संबंधित दस्तावेजों की स्थिति पर भी सवाल उठाए गए थे।

जॉच टीम ने की निर्माणाधीन व निर्मित दुकानों की जॉचः शिकायत के बाद एसडीएम द्वारा बनाई गई जॉच टीम में शामिल तहसीलदार लालबर्रा, अशोक उइके राजस्व निरीक्षक लालबर्रा, शिवाप्रकाश पटले पटवारी ग्राम सिवनी व शांतनु दुबे पटवारी ग्राम वारा द्वारा 21 अक्टूबर 2026 को स्थल निरीक्षण किया गया। जिसमें एसडीएम के आदेश के बावजूद दुकान में मजदूरों द्वारा निर्माण कार्य करते हुए पाये जाने पर उनके द्वारा निर्माण कार्य बंद करवाया गया। वहीं जॉच के दौरान कृषि उपज मंडी के सामने कटंगी मार्ग पर बनाई गई दुकानों के दुकानदार से भूमि संबंधी दस्तावेज की मॉग की गई। लेकिन किसी भी दुकानदार द्वारा कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवाये गए। जिसके बाद जॉच टीम द्वारा एक पंचनामा बनाया गया और सभी दुकानदारों व मंडी सचिव को भूमि से संबंधित पट्टा, लीज, सीमांकन और निर्माण की अनुमति से जुड़े हुए समस्त दस्तावेज लेकर एसडीएम न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

शासकीय नजूल भूमि पर बनी है दुकानेंः बताया जाता है कि 4 सदस्यीय जॉच टीम के सदस्यों ने जॉच में पाया कि जिस भूमि पर दुकानों का निर्माण किया गया है, वह भूमि शासकीय नजूल की है। जिसका निर्धारण किसी भी व्यक्ति के पक्ष में नहीं किया गया है। उसके बावजूद भी शासकीय नजूल भूमि पर बिना शासन व राजस्व विभाग की अनुमति के दुकानों का निर्माण व पुर्ननिर्माण भी हो रहा है। जो एक गंभीर मामला है।

दुकानदारों व मंडी द्वारा दस्तावेज पेश करने के बाद होगी स्थिति स्पष्टः अब सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि संबंधित भूमि पर निर्माण के लिए वैध अनुमति ली गई थी या नहीं और भूमि के उपयोग अथवा आवंटन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज मौजूद हैं या नहीं। एसडीएम द्वारा गठित जॉच टीम द्वारा 21 अक्टूबर को की गई जॉच से यह तो सिद्ध हो गया है कि जिस भूमि पर दुकानों का निर्माण किया गया है, वह भूमि शासकीय नजूल की भूमि है। लेकिन दुकानों का निर्माण किन नियमों व आदेशों के तहत किया गया है, इसका खुलासा दुकानदारों द्वारा एसडीएम के समक्ष दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद ही होगा?

नहीं रुक रहा सराटी नदी से रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन

स्थानीय प्रशासन के संरक्षण मे चल रहा लालबर्रा में रेत का गोरख धंधा?

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग के संरक्षण में लालबर्रा क्षेत्र में रेत माफिया फल के साथ फुल रहे हैं और अपना साम्राज्य स्थापित कर चुके है.? सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पनबिहरी गायघाट से लेकर स्टेडियम तक ग्राम ददिया आमाटोला, देवरीटोला, खिर्री, व अन्य ग्रामों से गुजरने वाली सराठी नदी से रोजाना रेत माफिया रात 11:00 बजे से लेकर सुबह 5:00 तक रेत की चोरी कर रहे हैं और बिना नंबर वाली ट्रैक्टर ट्राली से परिवहन कर रहे हैं रेत चोरी की सूचना देने के बाद भी खनिज,राजस्व और पुलिस विभाग रेत माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है।जिससे जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सवाल खडे हो रहे हैं जागरूक जनों का कहना है कि लालबर्रा क्षेत्र में रेत का काला कारोबार भारी पैमाने पर चल रहा है, जिससे शासन को भारी राजस्व हानी हो रही है लेकिन शासन प्रशासन में बैठे जिम्मेदार अधिकारी ही शासन की चोरी को नहीं रोक पा रहे हैं,जो कहीं ना कहीं रेत माफिया से आपसीसांठगांठ की ओर इशारा करता है। प्रतिदिन हो रहे सराठी नदी से रेत के अवैध खनन व परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई अभी तक शून्य है।



खनिज,राजस्व और पुलिस विभाग की कार्यशैली पर उठने लगे सवाल

लालबर्रा क्षेत्र के वह ग्राम जहां से सराठी नदी गुजरती है उन ग्रामों में रेत माफिया रात के समय सक्रिय रहते हैं और सराठी नदी से रेत की चोरी को अंजाम देते हैं लेकिन कोटवार और पटवारी है हो रहे रेत के खनन से अनजान है अनेको ग्रामीण की शिकायत पर मीडिया द्वारा पुष्टी किए जाने के बाद खबर का प्रकाशन निरंतर किया जा रहा है बावजूद इसके जिम्मेदार प्रशासन रेत माफिया पर कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा है। स्थानीय प्रशासन के द्वारा रेत से भरे ट्रैक्टरों पर कार्रवाई का न होने से रेत माफियाओ के हौसले बुलंद है और वह खुलेआम रेत की चोरी करने में लगे हैं जिससे जिम्मेदार विभागों की भूमिका पर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिम्मेदार प्रशासन अवैध रेत के उत्खनन और परिवहन पर लगाम लगाए।

इनका कहना हैं

खनिज राजस्व और पुलिसकी संयुक्त टीम का गठन किया जाकर मौके पर जांच कराई जाएगी।

भूपेंद्र अहिरवार,
तहसीलदार लालबर्रा

शास.हाईस्कूल सुनारककोड़ी में विश्व हाथ धुलाई दिवस पर स्वछता का बताया महत्व

हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।



जिले के लाँजी क्षेत्र के ग्राम सुनारककोड़ी के शास.हाईस्कूल में 15 अक्टू 2026 को विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एन.के.गजभिये के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को हाथ धुलाई के विभिन्न चरणों को समझाते हुए, हाथों को स्वच्छ रखने से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा भी साबुन तथा लिक्विड हैण्डवास से, बताये गये विभिन्न स्टेप्स को फॉलो करते हुए अपने-अपने हाथों की धुलाई व सफाई की गई एवं हाथों की सफाई के महत्व को समझा गया। इस अवसर पर संजय सोनवाने (मा.शि.) हितेश कटरे (मा.शि.) संगीता घोरमारे (मा.शि.)जागृति पारधी (अतिथि शिक्षक) अमृतलाल नगपुरे (अतिथि पीटीआई) बीएड इंटरशिप शिक्षकों में सुरेश कुमार मेश्राम,लक्ष्मीचंद घोरमारे एवं सरिता भालेकर और बीएड छात्राध्यापिकाएँ पायल नारनौरे,आरती धारणे तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहें ।

